कानपुर में बने बोगी फ्रेम कराएंगे बिना कंपन वाला सफर

राजीव सक्सेना • जागरण

• विपक्ष ने किया पुरजोर विरोध, संविधान संशोधन के लिए संविधान संशोधन के लिए

• विपक्ष ने किया पुरजोर विरोध, संविधान संशोधन के लिए संविधान संशोधन के लिए

कानपुर : मोटराइज्ड बोगी फ्रेम पर बनी वंदे भारत स्लीपर देश की सबसे ज्यादा आरामदेह ट्रेन है। इसका राइड इंडेक्स 2.2 है। यह इंडेक्स जितना कम होता जाता है, ट्रेन में कंपन उतना कम होता है। वंदे भारत स्लीपर का कंपन इस हद तक कम है कि 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पर चलने के बाद भी उसमें गिलास में रखा पानी छलका नहीं। इसमें लगे बोगी फ्रेम कानपुर की वेद सेसोमैकेनिका कंपनी ने बनाए हैं। किसी भी ट्रेन का कंपन उसके बोगी फ्रेम पर निर्भर करता है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को जानकारी दी थी कि वंदे भारत स्लीपर के ट्रायल के दौरान 180 किलोमीटर की रफ्तार पर भी गिलास में रखा पानी छलका नहीं। देश में चलने वाली सामान्य ट्रेनों में 3.4 से 3.5 राइड इंडेक्स होता है जबकि वंदे भारत चेयरकार में यह 2.6 है। वेद सेसोमैकेनिका कंपनी ने इस ट्रेन के लिए 32 मोटराइज्ड बोगी फ्रेम बनाकर दिए हैं। इन्हीं पर

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल दिसंबर में महोबा-खजुराहो रूट पर किया गया था • जागरण आर्काइव

कानपुर की फैक्ट्री में बने मोटराइज्ड बोगी फ्रेम • जागरण आर्काइव

वंदे भारत स्लीपर की प्रोटोटाइप ट्रेन बनाकर ट्रायल हो रहा है।

वेद सेसोमैकेनिका के प्रबंध निदेशक आरएन त्रिपाठी के मुताबिक वंदे भारत स्लीपर में 180 किलोमीटर की रफ्तार पर भी जरा सा भी कंपन इसलिए नहीं है क्योंकि इसके मोटराइज्ड बोगी फ्रेम में कंपन बचाने के उपकरण लगाए गए हैं। हर जगह आयातित रबर बुश लगे हैं जिन्हें रबर मेटल बांडेड कंपोनेंट भी कहा जाता है। हर बोगी फ्रेम में लगे दो एयर स्प्रिंग कंपन रोकने में सबसे ज्यादा सहायक हैं। इसके अलावा शाक आब्जर्वर, क्वायल स्प्रिंग जर्मनी से लाकर लगाए गए हैं। वंदे भारत स्लीपर का ट्रायल के पूरा होते ही 50 ट्रेनों के लिए मोटराइज्ड बोगी फ्रेम का टेंडर इसी माह जारी होने की उम्मीद जताई जा रही है। हर ट्रेन में 32 बोगी फ्रेम लगते हैं। इसलिए 1,600 बोगी फ्रेम के टेंडर जारी होंगे। वेद सेसोमैकेनिका के बोगी फ्रेम पर ही प्रोटोटाइप बनाकर इस ट्रेन का ट्रायल किया गया है, इसलिए कंपनी को आर्डर मिलने की उम्मीद है।